>

Title: Need to expedite the modernisation of Shahjahanpur Railway station, Uttar Pradesh- Laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): माननीय मंत्री जी का ध्यान मैं अपने जनपद शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन की तरफ आकर्षित कराते हुए बताना चाहता हूं कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण कार्य पिछले कई वर्षों से धीमी गति से चल रहा है । यह कब तक पूर्ण होगा? साथ ही शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन की तरफ जाने का मुख्य मार्ग ट्रैफिक जाम लगने के कारण बाधित रहता है । इस कारण दूसरी तरफ के रास्ते पर भी आवागमन की सुविधा अच्छी की जाये और दूसरी तरफ भी परमानेंट टिकट घर का निर्माण किया जाये ताकि यात्रियों का आवागमन दोनों रास्तों पर सुचारू रूप से चलता रहे इस संबंध में कोई रोड मैप तैयार किया जाये । वृद्ध यात्रियों को सीढ़ियां चढ़ने में बहुत दिक्कत होती है । उनकी परेशानियों को देखते हुए स्वचालित सीढ़ियों के निर्माण का प्रावधान कराने की कोई योजना बनाई जाये ।

जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही अपेक्षित है ।